# कार्यपत्र-15

**1. सही उत्तर के आगे ठीक ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) जहाँ क्रिया के अभी-अभी समाप्त होने की सूचना मिले, उसे कहते हैं– (ii) आसन्न भूतकाल ✓

(ख) इनमें संदिग्ध भूतकाल का उदाहरण है– (iii) मोहन घर पहुँच गया होगा। ✓

(ग) 'यदि वर्षा होती तो फसल अच्छी होती।' – वाक्य में काल का भेद है– (iii) हेतुहेतुमद भूतकाल ✓

(घ) निम्नलिखित में से संदिग्ध वर्तमान काल का उदाहरण नहीं है– (iv) वह आज मिलने आएगा। ✓

(ङ) 'वह पहले ही जा चुकी थी।' – वाक्य में काल का भेद बताइए। (iv) पूर्ण भूतकाल ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) क्रिया के जिस रूप से उसके होने के समय का बोध होता है, उसे काल कहते हैं। काल के तीन भेद हैं– 1. वर्तमान काल 2. भूतकाल 3. भविष्यत् काल।

(ख) भूतकाल के छह भेद हैं– 1. सामान्य भूतकाल 2. आसन्न भूतकाल 3. पूर्ण भूतकाल 4. अपूर्ण भूतकाल 5. संदिग्ध भूतकाल 6. हेतुहेतुमद भूतकाल।

(ग) क्रिया के जिस रूप से उसके वर्तमान समय में होने का बोध होता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं। इसके तीन भेद हैं– 1. सामान्य वर्तमान काल 2. अपूर्ण वर्तमान काल 3. संदिग्ध वर्तमान काल।

(घ) जहाँ क्रिया के आने वाले समय में होने की संभावना हो लेकिन पक्के तौर पर कुछ कहने की स्थिति न हो, ऐसी क्रियाओं के काल को संदिग्ध भविष्यत् काल कहते हैं। जैसे– शायद, हम कल फिर मिलें।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में काल पहचानकर उसका भेद लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) संगीता झाड़ू लगा रही है। | अपूर्ण वर्तमान काल |
| (ख) प्रदीप कल काम पर आया होगा। | संदिग्ध भूतकाल |
| (ग) आप से मिलने संस्था के लोग आएँगे। | सामान्य भविष्यत् काल |
| (घ) शायद, कल हम पिकनिक पर जाएँ। | संभाव्य या संदिग्ध भविष्यत् काल |
| (ङ) यदि तुम जल्दी आते तो हम घूमने जाते। | हेतुहेतुमद भूतकाल |

**4. निम्नलिखित काल-भेदों का एक-एक उदाहरण लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) संदिग्ध वर्तमान काल | शायद वह नहा रहा होगा। |
| (ख) अपूर्ण भूतकाल | बादल गरज रहे थे। |
| (ग) संभाव्य या संदिग्ध भविष्यत् काल | संभवत: हम तुम्हारे घर आएँगे। |
| (घ) आसन्न भूतकाल | माता जी बाज़ार गई हैं। |
| (ङ) सामान्य भविष्यत् काल | दिनेश खेलने जाएगा। |
| (च) अपूर्ण वर्तमान काल | मालती पढ़ रही है। |
| (छ) पूर्ण भूतकाल | वह सो गया था। |